चित्रकूट 27 अक्टूबर। सदगुरु सेवा संध ट्रस्ट के स्वर्ण जयंती वर्ष पर श्री तारा नेत्रदान यज्ञ के शताब्दी समारोह के अवसर पर चल रह छठवें दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रम में नर्सिंग स्कूल एवं पैरामेडिकल स्कूल के छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डा0 बी0 के0 जैन एवं शिक्षा समिति की अध्यक्ष ऊषा जैन एवं मफतलाल परिवार के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सिंग द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा 19वॉ लैम्प लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह से हुआ। जिसमं नर्सिंग छात्राओं ने पूरे सेवा भाव से मानव सेवा की नैतिकता के उच्च आदर्शों का पालन करने की शपथ ली। इसके बाद नर्सिंग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत क्लासिकल कत्थक नृत्य ने समारोह में मौजूद लोगों की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के अगले चरण में समाज में व्याप्त जात–पात, ऊॅच–नीच जैसी कुरीतियों पर नेत्र सहायकों द्वारा छात्रों द्वारा एक प्रहसन के माध्यम से जीवन्त रूप में समाज में व्याप्त कुरीतियों को दिखाया गया। कार्यक्रम में अनेक प्रकार के कार्यक्रम जैसे तांडव नृत्य, ग्रुप नाटक, पंजाबी नृत्य ने सबका मन मोहा। एक विशेष प्रहसन में किसानों की दशा प्रस्तुत करने की कोशिश की गई।